CMYK

# भीलवाड़ा फोकस

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

DIGITAL - EPAPER

RNI No. : RJHIN/25/A0890

वर्ष - 01 | अंक - 118 | प्रधान संपादक - कपिल विजयवर्गीय | बिजोलिया - मंगलवार, 14 अक्टूबर 2025 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4

## जयपुर में अमित शाह बोले नए आपराधिक कानून भारत के न्याय तंत्र में क्रांतिकारी बदलाव का प्रतीक

**राजस्थान पहुंचे केंद्रीय गृह मंत्री; जेईसीसी में प्रदर्शनी का उद्घाटन, महिला सुरक्षा और तकनीकी पुलिसिंग पर दिया जोर**

भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर ।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह सोमवार को जयपुर पहुंचे, जहां उन्होंने जयपुर एग्ज़िबिशन एंड कन्वेंशन सेंटर (जेईसीसी) में तीन नए आपराधिक कानूनों भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम पर आधारित राज्य स्तरीय प्रदर्शनी का शुभारंभ किया। यह आयोजन इन नए कानूनों के लागू होने के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में किया गया।

इस अवसर पर राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी और प्रेमचंद बैरवा, सहित कई कैबिनेट मंत्री मौजूद रहे। अमित शाह ने इस दौरान फॉरेंसिक साइंस लैब (एफएसएल ) के लिए नई मोबाइल वैन और महिला सुरक्षा पेट्रोलिंग स्कूटी एवं बाइक यूनिट को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

### महिला सुरक्षा में तकनीक का समावेश

शाह ने कहा कि महिला सुरक्षा के क्षेत्र में आधुनिक तकनीक का



इस्तेमाल समय की आवश्यकता है। इस उद्देश्य से नई पेट्रोलिंग स्कूटियां और बाइकें महिला पुलिस कर्मियों को सौंपी गई ताकि शहरों में गश्त और त्वरित प्रतिक्रिया प्रणाली को सुदृढ़ किया जा सके।

उन्होंने तकनीकी पुलिसिंग पर केंद्रित एक सत्र का भी शुभारंभ किया, जिसमें डिजिटल फॉरेंसिक, स्मार्ट सर्विलांस और डेटा-आधारित जांच पर चर्चा की गई।

### तीन महीनों में तीसरा राजस्थान दौरा

अमित शाह का यह पिछले तीन महीनों में तीसरा राजस्थान दौरा है। इससे पहले वे 17 जुलाई को जयपुर में सहकार सम्मेलन और 21 सितंबर को जोधपुर में



पारसमल बोहरा स्मृति महाविद्यालय के शिलान्यास के लिए आए थे। अप्रैल में उन्होंने कोटपूतली पावटा में एक जनसभा को भी संबोधित किया था।

### 4 लाख करोड़ के प्रोजेक्ट्स का शिलान्यास

शाह ने राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट 2024 के अंतर्गत मिले प्रस्तावों में से 4 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रोजेक्ट्स का शिलान्यास किया। इसके साथ ही राज्य में 9,300 करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न विकास योजनाओं सड़क, बुनियादी ढांचा और जनकल्याण से जुड़ी परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास भी किया गया।

### जनकल्याण योजनाओं की सौगात

शाह ने कार्यक्रम के दौरान पीएम सूर्य घर योजना के तहत 150 यूनिट मुफ्त बिजली के लिए पंजीकरण की शुरुआत की। साथ ही विद्यार्थियों को 260 करोड़ रुपये की यूनिफॉर्म सहायता राशि का डिजिटल वितरण और दुग्ध उत्पादकों के लिए 364 करोड़ रुपये की सब्सिडी जारी की गई।

### नए कानून आत्मनिर्भर न्याय का प्रतीक - ष्टरू भजनलाल शर्मा

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि नए आपराधिक कानून स्वतंत्र भारत की न्याय प्रणाली में आत्मनिर्भरता और स्वाभिमान का प्रतीक हैं। उन्होंने कहा भारत अब न्याय की दिशा में अपने कानूनों से चलता है, किसी उपनिवेश की छाया में नहीं। सीएम ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत वैश्विक मंचों पर अपनी नीतियों और राष्ट्रीय हितों की शर्तों पर बात कर रहा है।

## टीचर के घर लाखों की चोरी, दो नकाबपोश चोर फरार

**सोने-चांदी के गहने और नकद ले गए**





भीलवाड़ा फोकस @ चित्तौड़गढ़।

शहर के सिविल लाइन इलाके में रविवार रात चोरों ने सरकारी शिक्षिका माया जोशी के घर चोरी की वारदात को अंजाम दिया । घर खाली होने का फायदा उठाकर चोरों ने ताले तोड़े और करीब 8 तोला सोना और 82 हजार रुपए नकद ले उड़े। चांदी के गहने घर में ही बिखरे पड़े मिले।

पड़ोसियों ने सोमवार सुबह चोरी की सूचना दी। घटना की जानकारी मिलने पर माया जोशी तुरंत चित्तौड़गढ़ लौटीं और अंदर का नजारा देखकर दंग रह गईं।

पुलिस ने मौके पर पहुंचकर सीसीटीवी फुटेज खंगाली, जिसमें दो नकाबपोश चोर औजारों के साथ घर में घुसते दिखाई दिए। वारदात को अंजाम देने से पहले उन्होंने घर के सायरन लॉक सिस्टम को निष्क्रिय कर दिया था।

बताया जा रहा है कि सदर थाना क्षेत्र में दो दिन पहले भी चोरी हुई थी। पुलिस ने फिंगरप्रिंट और अन्य सबूत जुटाकर जांच शुरू कर दी है।

## जयपुर-अजमेर हाइवे पर एंबुलेंस हादसा, 2 की मौत, 3 घायल


**सड़क पर पाम ऑयल से फिसली एंबुलेंस, ट्रक से टकराने से दर्दनाक घटना**

भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर।

जयपुर-अजमेर हाइवे पर बगरू छीतरोली स्टैंड के पास सोमवार अल सुबह पाम ऑयल से फिसलती एंबुलेंस ट्रक से टकरा गई। हादसे में दो लोगों की मौके पर मौत हो गई, जबकि तीन गंभीर रूप से घायल हो गए।

पुलिस के अनुसार, छीतरोली स्टैंड पर खड़े पाम ऑयल के टैंकर पर पीछे से डंपर की टक्कर से तेल सड़क पर फैल गया। उसी समय किशनगढ़ की ओर से तेज गति में आ रही एंबुलेंस अनियंत्रित होकर सामने खड़े ट्रक से टकरा गई।

हादसे में दिनेश कुमारी (55) और विक्की उर्फ वीरम सिंह (31) की मौत हुई। गंभीर रूप से घायल सतीश



धामाणी (चालक), अमित वैष्णव और बिठुदास को तत्काल बगरू सीएचसी और फिर एसएमएस अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका इलाज जारी है।

दुर्घटना के कारण अजमेर-जयपुर हाइवे पर कुछ समय के लिए जाम लग गया। पुलिस ने सड़क पर फैले पाम ऑयल को हटाने के साथ चालक और ट्रक चालक से पूछताछ शुरू कर दी है और जांच जारी है।

## शाहपुरा में देर रात फायरिंग से मचा हड़कंप, युवक गंभीर घायल



भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा

**(मूलचन्द पेसवानी)** शहर के व्यस्ततम त्रिमूर्ति चौराहे पर सोमवार देर रात उस समय अफरा-तफरी मच गई जब दो बाइकों पर सवार युवकों ने एक अन्य बाइक सवार पर अचानक फायरिंग कर दी। फायरिंग में सलीम खां नामक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया।

घायल सलीम खां को तत्काल शाहपुरा के जिला चिकित्सालय पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद स्थिति नाजुक होने पर उसे भीलवाड़ा रेफर किया गया। घटना के बाद बड़ी संख्या में मुस्लिम समाज के युवा अस्पताल में जुट गए और पुलिस से हमलावरों को शीघ्र गिरफ्तार करने की मांग की।

जानकारी के अनुसार, सलीम खां भाजपा नगर अध्यक्ष पंकज सुगंधी से मुलाकात के बाद उनके साथ बाइक पर घर लौट रहा था। इसी दौरान त्रिमूर्ति चौराहे पर दो बाइकों पर आए युवकों ने फायरिंग कर दी। गोली सलीम के सीने में लगी और वह मौके पर गिर पड़ा।

फायरिंग की आवाज से क्षेत्र में दहशत फैल गई और दुकानदारों ने तुरंत अपने शटर बंद कर लिए। हमलावर फायरिंग के बाद बस स्टैंड की दिशा में फरार हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची, क्षेत्र की घेराबंदी की और जांच शुरू की।

पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालनी शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि दोनों पक्षों में पुरानी रंजिश के चलते यह हमला किया गया। शहर में इस घटना से भय का माहौल है। घटना की गंभीरता को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि हमलावरों की जल्द पहचान कर उन्हें गिरफ्तार किया जाएगा। स्थानीय लोगों ने मांग की है कि पुलिस गश्त बढ़ाए और अपराधियों पर सख्त कार्रवाई की जाए।

## पत्रकारिता की आवाज़ दबाने की कोशिश , प्रधान संपादक को मिली जान से मारने की धमकी

**आरोपी रात में पत्रकार को फोन कर बोला तेरा काम तमाम कर दूँगा**


भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

**मानव तिवाड़ी।** जिले के बिजोलिया कस्बे में पत्रकार सुरक्षा को लेकर बड़ा मामला सामने आया है। भीलवाड़ा फोकस के प्रधान संपादक कपिल विजयवर्गीय को रविवार देर रात फोन पर धमकियाँ और जान से मारने की चेतावनी दी गई। इस घटना से पत्रकारों में भारी आक्रोश फैल गया। सोमवार को बिजोलिया उपखंड क्षेत्र के सभी पत्रकारों ने थाना प्रभारी उगमाराम सैनी को ज्ञापन सौंपकर आरोपी के खिलाफ कठोर कार्रवाई और सुरक्षा की मांग की।

जानकारी के अनुसार, 12 अक्टूबर की रात करीब 11 बजे कपिल को दो बार अज्ञात नंबर से कॉल आई। कॉल करने वाले की पहचान अनुराग मेहर पुत्र उमाशंकर मेहर, निवासी बिजोलिया के रूप में हुई।

पत्रकार ने बताया कि कॉल पर आरोपी ने अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए कहा तुम बहुत कार्यक्रम करते हो, तुम्हारी पत्रकारिता में कोई सच्चाई नहीं है।





आरोपी ने यह भी धमकी दी कि वह पत्रकार की गतिविधियों पर नजर रख रहा है और मौका देखते ही घर और दुकान में आग लगाने की बात कही।

आरोपी ने आगे धमकी भरे लहजे में कहा जिस दिन मैं बिजोलिया आऊँगा, उस दिन तेरा काम तमाम कर दूँगा। साथ ही सरकारी अधिकारियों से जुड़ी खबरें प्रकाशित करने पर गंभीर परिणाम भुगतने की चेतावनी दी।

कपिल ने बताया कि उनका किसी से निजी विवाद नहीं है और ना ही वो आरोपी से परिचित है । उनका आरोपी या आरोपी के परिवार से कभी कोई संपर्क नहीं रहा है , फिर भी आरोपी द्वारा धमकिया दी गई है । यह धमकी उनकी स्वतंत्र पत्रकारिता को दबाने का प्रयास है। घटना की जानकारी मिलते ही बिजोलिया और आसपास के पत्रकार एकजुट हो गए और आरोपी की गिरफ्तारी की मांग की। इस दौरान वरिष्ठ पत्रकार नरेंद्र जैन, श्याम विजय, जगदीश सोनी, घनश्याम पाराशर, गिरधर पाराशर, ललित चावला, सुरेश राठौर, बलवंत जैन, दीपक राठौर, अर्जुन धाकड़, मानव तिवारी, नरेश धाकड़, आदर्श सोनी, रमेश गुर्जर और रवि अहीर सहित कई पत्रकार मौजूद रहे। थानाधिकारी उगमाराम सैनी ने बताया कि शिकायत दर्ज कर ली गई है और मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच शुरू कर दी गई है। आरोपी की तलाश जारी है। इस प्रकरण ने न केवल पत्रकार सुरक्षा बल्कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर भी बड़ा सवाल खड़ा कर दिया है। पत्रकारों ने स्पष्ट कहा है कि वे धमकियों के आगे झुकने वाले नहीं हैं और निष्पक्ष पत्रकारिता जारी रखेंगे। इस मामले में वरिष्ठ पत्रकार भवंर धाकड़ ने भी जानकारी लेकर आरोपी द्वारा दी गई धमकी पर नाराजगी जताई है और कठोर कार्रवाई की मांग की है ।

'भीलवाड़ा फोकस'

अपने शहर और गाँव के समाचार, सूचनाएँ, सार्वजनिक घोषणाएँ या विज्ञापन प्रकाशित करवाने के लिए संपर्क करें।

Mo.– 8696795959

Bhilwarafocus@gmail.com

BHILWARA Focus

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ

CMYK

# एटीएस की सूची में शामिल गैंग 007 के तीन सदस्य गिरफ्तार



**भीलवाड़ा फोकस @ बडलियास ।**

जिले में सक्रिय गैंग के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने थाना बडलियास सर्कल के तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है , पकड़े गए युवक 007 गैंग से जुड़े बताए जा रहे हैं।

जानकारी के अनुसार पीएचक्यू/एटीएस/एसओजी द्वारा 11 अक्टूबर को जारी गैंग 007 के मुखिया मनीष जाट और उसके सहयोगियों की सूची में थाना बडलियास के आपराधिक प्रवृत्ति वाले तीन लोग शामिल पाए गए। इस पर 12 अक्टूबर को पुलिस ने आरोपियों को तलब कर पुछताछ की और इसके बाद गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपीयों में राजेश पिता महादेव जाट, निवासी चावण्डिया, बडलियास , कल्याण, पिता भैरू जाट, निवासी भगवानपुरा, बडलियास और विनोद, पिता रामलाल जाट, निवासी बन का खेडा, बडलियास शामिल है ।

पुलिस ने बताया कि थानाधिकारी देवराज सिंह के नेतृत्व में टीम लगातार सघन छापेमारी और निगरानी कर रही है।आरोपियों से पूछताछ जारी है ।

# खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा कल भीलवाड़ा दौरे पर

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग तथा उपभोक्ता मामले विभाग मंत्री सुमित गोदारा 15 अक्टूबर को एक दिवसीय भीलवाड़ा दौरे पर रहेंगे। मंत्री गोदारा सोमवार दोपहर 1 बजे टोंक से प्रस्थान कर शाम 4:45 बजे भीलवाड़ा पहुंचेंगे। आगमन के पश्चात वे जिला कलेक्ट्रेट सभागार में खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग से जुड़े अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक लेंगे। बैठक के बाद सायं 6 बजे मंत्री गोदारा पत्रकारों से मुलाकात कर प्रेस कॉन्फ्रेंस करेंगे। इसके बाद वे शाम 6:15 बजे जयपुर के लिए रवाना होंगे।

# छह साल से फरार लूट का वांछित आरोपी गिरफ्तार

## 5000 रुपये का था इनाम



**भीलवाड़ा फोकस @ मांडलगढ़ ।**

थाना पुलिस ने लूट के एक पुराने मामले में छह साल से फरार चल रहे वांछित आरोपी मोहम्मद ताहिर को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।

थाना प्रभारी घनश्याम मीणा ने बताया कि 2019 के एक मामले में आरोपी मोहम्मद ताहिर (45) पुत्र अब्दुल हफीज, निवासी रेलवे स्टेशन के पास, थाना मोडक, जिला कोटा ग्रामीण को गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस के अनुसार, आरोपी पिछले छह वर्षों से फरार चल रहा था और उसकी गिरफ्तारी पर जिला पुलिस अधीक्षक द्वारा 5 हज़ार रुपये का इनाम घोषित किया गया था। पुलिस आरोपी से पूछताछ में जुटी है ।

# खेत में मिला अजगर, सुरक्षित रेस्क्यू कर वन क्षेत्र में छोड़ा



**भीलवाड़ा फोकस @ गुरला**

नेशनल हाईवे 758 स्थित गुरला के काबरो का मगरा के पास जोधराज जाट के खेत में मक्का की फसल कटाई के दौरान ग्रामीणों और महिलाओं को 9-10 फीट लंबा अजगर दिखाई दिया। घटना से ग्रामीण और महिलाएं भयभीत हो गए। सूचना मिलने पर वन्य जीव रक्षक कुलदीप सिंह राणावत की टीम तुरंत मौके पर पहुंची। राणावत ने अजगर को सुरक्षित रेस्क्यू कर वन क्षेत्र में पुनर्वास कराया। उन्होंने खेत मालिक और ग्रामीणों को भी भयमुक्त किया।

# जलदाय विभाग की मनमानी,बिना अनुमति उधेड़ी कस्बे की सीसी सड़कें, बढ़ा हादसों का खतरा

**भीलवाड़ा फोकस @ कोटडी ग्रामीण ।**



**दिनेश पारीक ।** उपखंड मुख्यालय में जलदाय विभाग की लापरवाही और मनमानी का बड़ा मामला सामने आया है। गुदरखेड़ा पेयजल लाइन डालने के नाम पर विभाग ने बिना सार्वजनिक निर्माण विभाग की अनुमति के ही करीब दो किलोमीटर लंबी सीसी सड़क को उखाड़ डाला। लाइन बिछाने के बाद विभाग ने सिर्फ मिट्टी डालकर इतिश्री कर दी, जिससे जगह-जगह सड़क धंसने लगी है। गहरे गड्ढों से आए दिन हादसे हो रहे हैं, वहीं धूल और कीचड़ से बाजार क्षेत्र में जाम की स्थिति बनी हुई है।

स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि पाइपलाइन डालने में गुणवत्ता का अभाव साफ झलक रहा है। पपलाज चौराहा, पुराना बस स्टैंड और आसपास की सड़कों की हालत बदतर हो चुकी है। यहां तक कि दूरसंचार विभाग की केबल लाइनें भी क्षतिग्रस्त हो गई, जिससे नेटवर्क सेवाएं बाधित हो गई हैं।

इस मामले में सहायक अभियंता, पीडब्ल्यूडी कोटड़ी ऋषिकांत बेरवा ने बताया कि विभाग ने हमारे से लिखित में कोई अनुमति नहीं ली है। उन्होंने अपने स्तर पर ही सीसी सड़क को उखाड़ा है। पाइपलाइन डालने के बाद मरम्मत का कार्य भी नहीं किया गया है। कुछ दिन पहले हमारी बात हुई थी और जलदाय विभाग के सहायक अभियंता को साइट पर बुलाया गया था। उन्होंने तीन-चार दिन में सड़क को रिपेयर करने का आश्वासन दिया था, लेकिन अब तक कोई कार्य नहीं हुआ है।

सड़क अभी भी क्षतिग्रस्त पड़ी है, जिससे बाजार में जाम की स्थिति बन रही है। अगर शीघ्र सुधार नहीं किया गया, तो नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

# टीबी चैम्पियंस प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित, टीबी उन्मूलन पर दिया जोर

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया।**



**नरेश धाकड़।** स्थानीय राजकीय उप जिला चिकित्सालय में रविवार को एक दिवसीय टीबी चैम्पियंस प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम पिरामल स्वास्थ्य एवं चिकित्सा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य टीबी चैम्पियंस के माध्यम से समुदाय में क्षय रोग (टीबी) के प्रति जागरूकता बढ़ाना और टीबी उन्मूलन अभियान को सशक्त बनाना रहा। उप जिला चिकित्सा अधिकारी डॉ. असांर खान, ब्लॉक हेल्थ सुपरवाइजर दिनेश धाकड़, नर्सिंग ऑफिसर हेमेंद्र धाबाई और पिरामल स्वास्थ्य के कम्युनिटी कोऑर्डिनेटर सुर्या प्रकाश खटीक ने इम्पैक्ट इंडिया प्रोजेक्ट की गतिविधियों पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रत्येक प्रतिभागी को हर माह कम से कम एक जन-जागरूकता गतिविधि आयोजित करनी होगी, ताकि सामूहिक प्रयासों से क्षय रोग उन्मूलन का लक्ष्य हासिल किया जा सके। प्रशिक्षण में टीबी चैम्पियंस को क्षय रोग के लक्षण, बचाव, उपचार और निक्षय पोषण योजना के अंतर्गत मिलने वाली सहायता के बारे में भी जानकारी प्रदान की गई।

# 007 गैंग का पूर्व सदस्य शंकर गिरफ्तार

**भीलवाड़ा फोकस @ हमीरगढ़ ।**

जिले में आपराधिक गतिविधियों और सक्रिय गैंग के सदस्यों पर प्रभावी नियंत्रण हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए गैंग 007 के पूर्व सदस्य को गिरफ्तार किया है।

थानाधिकारी राजूराम काला के नेतृत्व में पुलिस टीम ने यह कार्रवाई की। पुलिस ने बताया की 13 अक्टूबर को रिको ग्रोथ सेंटर स्वरूपगंज क्षेत्र में गश्त के दौरान पुलिस को शंकर लाल जाट पुत्र डालु जाट उम्र 30 वर्ष निवासी भैसाकुण्डल, थाना हमीरगढ़, जिला भीलवाड़ा बेवजह घूमता हुआ मिला। पूछताछ में वह गैंग 007 और पांसल गैंग का पूर्व सदस्य पाया गया। शांति भंग की आशंका को देखते हुए पुलिस ने उसे गिरफ्तार किया। पुलिस ने बताया कि जिले में सक्रिय गिरोहों और उनके सदस्यों पर सख्त निगरानी रखी जा रही है और कार्रवाई की जा रही है



# पुलिस ने नए आपराधिक कानूनों पर आमजन को किया जागरूक

## नव विधान-न्याय की नई पहचान कार्यक्रम में नागरिकों को बताए कानूनों के अहम प्रावधान

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया।**



**रमेश गुर्जर।** नगर के तहसील परिसर में सोमवार को पुलिस द्वारा नव विधान-न्याय की नई पहचान विषय पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। थानाधिकारी उगमाराम सैनी के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य नागरिकों को नए आपराधिक कानून भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम की जानकारी देना था। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि इन कानूनों से न्याय प्रक्रिया अधिक पारदर्शी, त्वरित और आमजन के अनुकूल बनी है। नागरिकों को कानूनों की संरचना और व्यावहारिक प्रभावों के बारे में भी जानकारी दी गई। इस अवसर पर तहसीलदार ललित डीडवानिया, भाजपा मंडल अध्यक्ष राजेंद्र कुमार बंजारा, पुलिस अधिकारी, सीएलजी सदस्य, ग्राम रक्षक, सामाजिक कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे ।



## QUICK BITES

# जीएसएस बाकरा में आज होगा सहकारिता शिविर का आयोजन

भीलवाड़ा फोकस @ शक्करगढ़

ग्राम सेवा सहकारी समिति जीएसएस बाकरा में मंगलवार को सहकारिता विभाग की ओर से विशाल सहकारिता शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर का उद्देश्य किसानों के हित में योजनाओं का क्रियान्वयन और सहकारिता क्षेत्र से जुड़े कार्यों का निस्तारण है।

जीएसएस अध्यक्ष रामकुमार मीना शिविर सुबह 9 बजे से शुरू होगा। मुख्य अतिथि विधायक गोपीचंद मीना किसानों को राज्य सरकार की सहकारी योजनाओं की जानकारी देंगे और सीधे संवाद करेंगे। इसके अलावा को-ऑपरेटिव बैंक भीलवाड़ा के एमडी, जिला सहकारी बैंक अधिकारी, ब्लॉक सहकारिता अधिकारी और कृषि विभाग के प्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे।

शिविर में किसानों के खातों का सत्यापन, ऋण वितरण, फसल बीमा, सहकारी योजनाओं का पंजीकरण और किसान क्रेडिट कार्ड (केसीएस) से संबंधित कार्य मौके पर ही निपटाए जाएंगे। अध्यक्ष राम कुमार मीना ने बताया कि शिविर का आयोजन क्षेत्र के हर किसान तक आसानी से पहुंच बनाने के उद्देश्य से जीएसएस परिसर में किया जा रहा है।

# कोटड़ी-झाड़ोल मार्ग पर अव्यवस्था का बोलबाला , ग्रामीणों ने सौंपा ज्ञापन

भीलवाड़ा फोकस @ कोटड़ी ग्रामीण



**( दिनेश पारीक )** कोटड़ी से झाड़ोल ग्राम की सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा निर्मित मुख्य सड़क मार्ग पर फैली गंदगी और झाड़ियों से परेशान ग्रामीणों ने सोमवार को उपखण्ड अधिकारी को ज्ञापन सौप कर सड़क किनारों की सफाई और झाड़ियों की कटाई की तत्काल मांग की है । ग्रामीणों ने शिकायत में बताया कि सड़क के दोनों ओर जंगली झाड़ियां और कचरा फैल जाने से आवागमन बेहद मुश्किल हो गया है। कई स्थानों पर झाड़ियों की वजह से दृश्यता घटने से वाहन चालक समय रहते सामने से आती गाड़ियों को नहीं देख पाते, जिससे बीते दिनों में दो गंभीर हादसे हो चुके हैं। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। सड़क किनारों पर काटे करकट और झाड़ियां जमा होने से आवागमन भी खतरनाक हो गया है । इसी के साथ ग्रामीणों ने सार्वजनिक निर्माण विभाग के सहायक अभियंता ऋषिकांत बैरवा को भी ज्ञापन सोप समस्या से अवगत करवाया। इस दौरान ललित गुप्ता, गणेश वैष्णव ,बाबूलाल, नाथू लाल सहित अनेक ग्रामीण मौजूद रहे।

भीलवाड़ा फोकस
भीलवाड़ा की बात फोकस के साथ

एक सशक्त पत्रकारिक मंच से जुड़ने का सुनहरा अवसर?

"भीलवाड़ा फोकस" को अपने नेटवर्क के विस्तार हेतु योग्य एवं उत्साही संवाददाताओं की जहाजपुर | गुलाबपुरा | आसिंद | मांडल | गंगापुर | माण्डलगढ़ । बदनौर सहित भीलवाड़ा जिला मुख्यालय पर अनुभवी क्राइम रिपोर्टर की आवश्यकता है ।

क्या आपके पास है –

- समाचारों को पकड़ने की तेज़ नजर ?
- निष्पक्षता, निडरता और पत्रकारिता के प्रति समर्पण ?
- डिजिटल रिपोर्टिंग या प्रिंट मीडिया का अनुभव ?

तो फिर देर किस बात की? अभी जुड़िए - "भीलवाड़ा फोकस" परिवार के साथ।

संपर्क करें: मो. 8696795959 ईमेल: bhilwarafocus@gmail.com
वेब: www.bhilwarafocus.com

# अरुणोदय-2025 में झलके संस्कार और प्रतिभा के रंग

## गुरु श्री कानिफनाथ घुमंतू छात्रावास में हुआ वार्षिकोत्सव, स्वामी अच्युतानंद का रहा सानिध्य

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

श्री केशव स्मृति सेवा प्रन्यास द्वारा संचालित गुरु श्री कानिफनाथ घुमंतू छात्रावास, अंबेडकर नगर में रविवार को वार्षिकोत्सव अरुणोदय-2025 का भव्य आयोजन हुआ । कार्यक्रम में विद्यार्थियों की प्रतिभा, अनुशासन और भारतीय संस्कारों की झलक देखने को मिली।

समारोह का शुभारंभ दीप प्रज्वलन और मां सरस्वती वंदना से हुआ। स्वामी अच्युतानंद ने आशीर्वचन में जीवन में संयम, सेवा और संस्कार के महत्व पर प्रकाश डाला। मुख्य वक्ता आरएसएस के क्षेत्र कार्यकारिणी सदस्य हनुमान सिंह ने कहा कि शिक्षा और धन दोनों का उद्देश्य समाज सेवा होना चाहिए।



कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व सांसद सुभाष बहेड़िया ने की, जबकि उद्योगपति बनवारीलाल मुरारका मुख्य अतिथि और ममता मोदानी विशिष्ट अतिथि रहीं। सचिव रवींद्र मानसिंहका ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया।

विद्यार्थियों ने प्रेरणादायक गीत, योगासन, नाटक और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम में भामाशाहों और समाजसेवियों का सम्मान किया गया। छप्पन भोग और योग सत्र के साथ समारोह का समापन छात्रावास सचिव विशाल गुरुजी के आभार उद्बोधन से हुआ।

# शहरी सेवा शिविर में जनता को मिली राहत, बालिकाओं के प्रथम जन्मोत्सव के साथ कई विभागों ने दिए त्वरित समाधान

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा

**(मूलचन्द पेसवानी)** नगरपालिका द्वारा शहरी सेवा शिविर के तहत सोमवार को वार्ड 27 और 28 के लिए शिविर का आयोजन नगरपालिका परिसर में किया गया। शिविर में नागरिकों की विभिन्न समस्याओं का मौके पर ही निस्तारण किया गया और सरकारी योजनाओं का लाभ एक ही स्थान पर उपलब्ध कराया गया।

पालिका अध्यक्ष रघुनन्दन सोनी एवं आयुक्त रिंकल गुप्ता ने बताया कि शिविर का उद्देश्य आमजन को सरकारी सेवाओं का त्वरित, पारदर्शी और सुविधाजनक लाभ प्रदान करना है।

शिविर की शुरुआत महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा दो बालिकाओं के प्रथम जन्मोत्सव से हुई। बालिकाओं के अभिभावकों के साथ केक काटकर बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ संदेश दिया गया।



पालिका प्रशासन की ओर से शिविर में 25 जन्म प्रमाण पत्र और 1 विवाह प्रमाण पत्र जारी किए गए। साथ ही 40 रोड लाइटें दुरुस्त कर 20 नई लाइटें लगाई गईं। प्राप्त एक सफाई शिकायत का मौके पर ही समाधान किया गया।

विद्युत विभाग ने 11 शिकायतों का निस्तारण किया, जबकि महिला एवं बाल विकास विभाग ने पूरक पोषाहार योजना के 5 लाभार्थियों को लाभान्वित किया। प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना के तहत 7 नए आवेदन स्वीकार कर निस्तारित किए गए तथा पोषण ट्रैकर पर 6 लाभार्थियों की ई-केवाईसी व एफआरसी प्रक्रिया पूरी की गई।

चिकित्सा विभाग ने शिविर में स्वास्थ्य जांच शिविर लगाकर 125 नागरिकों की जांच की। विभिन्न विभागों की भागीदारी से नागरिकों को एक ही स्थान पर सभी सेवाएं मिलने से राहत महसूस हुई।

इस अवसर पर पालिका अध्यक्ष रघुनन्दन सोनी, आयुक्त रिंकल गुप्ता, पार्षद मोहम्मद इशाक, मोहन गुर्जर, स्वराज सिंह, उपाध्यक्ष प्रतिनिधि कैलाश धाकड़, पार्षद प्रतिनिधि सौरभ सर्वा, पुष्पेन्द्र कोली, नोडल अधिकारी कुलदीप जैन, सहायक नोडल अधिकारी भारत वैष्णव सहित कई अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे। पालिका अध्यक्ष सोनी ने कहा कि ऐसे शिविरों से जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान हो रहा है और प्रशासन के प्रति विश्वास बढ़ रहा है। अगला शहरी सेवा शिविर 14 अक्टूबर को वार्ड 29 और 30 में आयोजित किया जाएगा।

# दीपावली पर शुद्ध आहार-मिलावट पर वार अभियान में सख्ती

## खाद्य विभाग ने लिए 5 नमूने, 3 हज़ार किलो से अधिक खाद्य सामग्री नष्ट

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

**(मूलचन्द पेसवानी)** दीपावली पर्व को देखते हुए मिलावटखोरों पर नकेल कसने के लिए खाद्य सुरक्षा विभाग सक्रिय हो गया है। आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण डॉ. टी. शुभमंगला और जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू के निर्देशानुसार सोमवार को शुद्ध आहार-मिलावट पर वार अभियान के तहत जिलेभर में निरीक्षण किया गया।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजीव कुमार शर्मा के निर्देशन में खाद्य सुरक्षा दल ने मिठाई और तेल की दुकानों की जांच कर 5 नमूने लिए। अब तक जिलेभर में 50 नमूने लिए जा चुके हैं और करीब 3 हज़ार किलो खाद्य सामग्री नष्ट, जबकि 270 किलो सीज की गई है।



खाद्य सुरक्षा अधिकारी राजेश त्रिपाठी के नेतृत्व में टीम ने बिकानेर मिष्ठान भंडार, वृंदावन स्वीट्स, चारभुजा स्वीट्स और महेश्वरी ट्रेडर्स से नमूने लिए, जिन्हें जांच हेतु अजमेर प्रयोगशाला भेजा गया है। रिपोर्ट आने पर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के तहत कार्रवाई की जाएगी।

डॉ. शर्मा ने बताया कि दीपावली पर मिलावट की आशंका बढ़ जाती है, इसलिए अभियान और सख्त किया गया है। उन्होंने व्यापारियों को आवश्यक अनुज्ञा पत्र प्रदर्शित करने, खाद्य पदार्थ ढककर रखने और स्वच्छता बनाए रखने की हिदायत दी।

# श्री विट्ठल संस्कार सेवा समिति ने की चिकित्सा उपकरण बैंक की स्थापना

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।

श्री विट्ठल संस्कार सेवा समिति ने समाज सेवा के क्षेत्र में पहल करते हुए चिकित्सा उपकरण बैंक की स्थापना की है। समिति की वार्षिक आमसभा एवं दीपावली मिलन समारोह में इस योजना की घोषणा संत नामदेव भवन, विद्युत नगर में की गई।

यह बैंक समाज के जरूरतमंद सदस्यों को व्हीलचेयर, बेड, नेबुलाइज़र, बीपी मशीन, ऑक्सीमीटर, ग्लूकोमीटर सहित अन्य चिकित्सा उपकरण निःशुल्क उपलब्ध कराएगा।



कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्यामलाल छापरवाल, विशिष्ट अतिथि लीना सर्वा, सुरेश मेहर, मदनलाल लूण्डर, भेरूलाल तोलंबिया सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। समाजबंधुओं द्वारा कुल 45 हज़ार 100 रुपए की अनुदान राशि इस पुनीत कार्य हेतु प्राप्त हुई। कार्यक्रम का संचालन अध्यक्ष संदीप लूण्डर ने किया, जबकि कोषाध्यक्ष रमेश चंद्र डीडवानिया ने वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। समिति का यह प्रयास समाज में सेवा भावना और सहयोग की मिसाल पेश करता है।

# कंजर भातु समाज क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ, खिलाड़ियों में दिखा उत्साह

भीलवाड़ा फोकस @ जहाजपुर

**गजानंद जोशी ।** पलासिया ग्राम पंचायत के मोदीनगर कंजर कॉलोनी में सोमवार को कंजर भातु समाज क्रिकेट कप का शुभारंभ किया गया। प्रतियोगिता का उद्घाटन भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष मांगीलाल जैन, भाजपा नेता ज्ञानचंद कंजर, रामप्रसाद जाट, अजय सुवालका और सुरेश माली ने फीता काटकर किया।



इस अवसर पर अतिथियों ने क्रिकेट खिलाड़ियों से मुलाकात की और उनके उत्साह का उत्साहवर्धन किया। पदाधिकारियों द्वारा अतिथियों का माला और साफा पहनाकर स्वागत किया गया।

प्रतियोगिता में विजेता टीम को 1 लाख की ट्रॉफी, उपविजेता टीम को 51 हज़ार की ट्रॉफी, बैस्टमैन को 1,100 रुपए और बैस्ट फीडर को 501 रुपए की ट्रॉफी प्रदान की जाएगी। इस अवसर पर वीरू कंजर, प्रशांत कंजर, संदीप कंजर, अरुण कंजर, विनय कंजर, शिव प्रकाश कंजर, अंगद कंजर और तेजमल कंजर सहित कई ग्रामीण उपस्थित रहे।

# 12 लाख की धोखाधड़ी करने वाले कपड़ा व्यापारी गिरफ्तार

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

प्रताप नगर थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 12 लाख रूपये की धोखाधड़ी करने वाले कपड़ा व्यापारी को गिरफ्तार किया है।

पुलिस के अनुसार थानाधिकारी सुरजीत ठोलिया के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया।

पुलिस ने बताया की आरोपी प्रदीप अरोड़ा उम्र 59 वर्ष, निवासी मकान नंबर 47, कृष्णा नगर, बस्ती गुंजा,



थाना बस्ती बाबा खेल, जिला जालंधर, पंजाब ने आपराधिक षड्यंत्र रचकर फर्म सक्सेसफुल फेब्रिक से करीब 12 लाख रूपये का कपड़ा प्राप्त किया, लेकिन पैसे वापस नहीं लौटाए और कपड़े को खराब कर दिया। इस पर पुलिस ने मामला दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया गया। पुलिस ने मामले की गहन जांच के बाद आरोपी को गिरफ्तार किया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है

# बेटी के जन्मदिन पर धर्मशाला में कक्ष निर्माण हेतु एक लाख भेंट

भीलवाड़ा फोकस @ कोटड़ी ग्रामीण

**दिनेश पारीक ।** भक्ति और सेवा की मिसाल पेश करते हुए देवरिया निवासी सुरेश जोशी ने अपनी पुत्री भारवी जोशी के जन्मदिन पर चारभुजानाथ मंदिर में निर्माणाधीन धर्मशाला में एक कमरे का निर्माण करवाने की घोषणा करते हुए एक लाख रुपए की राशि भेंट की । इस



मौके पर लादू लाल जोशी, कमलेश, विमलेश और सुरेश जोशी सपरिवार उपस्थित रहे। राशि का चेक उन्होंने मंदिर ट्रस्ट अध्यक्ष सुदर्शन गाड़ोदिया को सौंपा।

कार्यक्रम में श्याम सुंदर चेचाणी और पुरुषोत्तम छापरवाल सहित कई भक्त मौजूद रहे। सभी ने जोशी परिवार के इस प्रेरणादायक कार्य की सराहना करते हुए श्रद्धालु परिवार का सम्मान किया।

# जाट सामूहिक विवाह की तैयारियों को लेकर हरणी महादेव में आयोजित हुई बैठक

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

**(पंकज पोरवाल)** सकल जाट समाज के तत्वावधान में होने वाले तृतीय जाट सामूहिक विवाह 1 नवंबर की तैयारियों को लेकर सोमवार को हरणी महादेव जाट धर्मशाला में विशेष बैठक आयोजित की गई। बैठक में अखिल मेवाड़ जाट महासभा के संरक्षक जगदीश रणवा, जिलाध्यक्ष रामेश्वर लाल बाज्या, चित्तौड़गढ़ जिलाध्यक्ष रतनलाल डूँडा और उपाध्यक्ष




नारूलाल सेफट का स्वागत-दुपट्टा पहनाकर अभिनंदन किया गया।

इस अवसर पर सामूहिक विवाह के लिए अब तक 18 जोड़ों के पंजीकरण हेतु अथक प्रयास करने वाले शिवराज वीरवाडिया जहाजपुर, रामधन थरोदा शाहपुरा और मथरा लाल माँदल सुवाणा का सम्मान किया गया। अखिल मेवाड़ जाट महासभा ने एक लाख रुपये का योगदान दिया, जबकि स्थायी सदस्यों से 5 लाख 21 हजार रुपये प्राप्त हुए। महामंत्री शोभाराम तोगडा ने सभी समाजजनों को इस ऐतिहासिक आयोजन में भाग लेने का आमंत्रण दिया।

# नए आपराधिक कानून पर मांडलगढ़ में हुआ वीडियो कांफ्रेंसिंग कार्यक्रम




भीलवाड़ा फोकस @ मांडलगढ़

राजस्थान पुलिस, जयपुर मुख्यालय द्वारा नवीन आपराधिक कानूनों के संबंध में वीडियो कांफ्रेंसिंग कार्यक्रम आयोजित किया गया। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कार्यक्रम का वर्चुअल शुभारंभ किया। इस अवसर पर मांडलगढ़ पंचायत समिति सभागार में पुलिस अधीक्षक बाबूलाल विश्नोई और थानाधिकारी घनश्याम मीणा की उपस्थित में नागरिकों और सीएलएजी सदस्यों को नए कानूनों की जानकारी दी गई ।

# राज्य स्तर पर चयनित हुआ अनिल, गांव का नाम किया रोशन

भीलवाड़ा फोकस @ शक्करगढ़

बांकरा पंचायत के छोटे से गांव बाग के होनहार छात्र अनिल मीणा का राज्य स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ है। हाल ही में भीलवाड़ा में हुई जिला स्तरीय प्रतियोगिता में अनिल ने 400 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान हासिल किया। कक्षा 9 में पढ़ने वाले अनिल का चयन 29 अक्टूबर से 4 नवंबर तक भरतपुर में आयोजित राज्य




स्तरीय प्रतियोगिता के लिए हुआ है। उनकी इस उपलब्धि से गांव में खुशी और गर्व का माहौल है।

## QUICK BITES

# विधायक गोपीचंद मीणा आज सवाईपुर क्षेत्र के दौरे पर

भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर

**(सांवर वैष्णव)** जहाजपुर-कोटड़ी विधायक गोपीचंद मीणा मंगलवार को सवाईपुर क्षेत्र के दौरे पर रहेंगे। भाजपा नेता देवराज जाट ने बताया कि विधायक मीणा दोपहर 2 बजे सवाईपुर में सदस्यता अभियान एवं सहकारिता शिविर में भाग लेंगे।



इसके बाद वे दोपहर 3 बजे सोपुरा गांव में बड़ला से सोपुरा सड़क का शिलान्यास सहित अन्य विकास कार्यों का उद्घाटन करेंगे। दौरे के दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधि और भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहेंगे।

# नए विधान न्याय की नई पहचान नए आपराधिक कानून कार्यक्रम का हुआ आयोजन

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा



**सवाईपुर ( सांवर वैष्णव )**:- नए विधान न्याय की नई पहचान नए आपराधिक कानून पर एक प्रदर्शनी का उद्घाटन सोमवार को भारत सरकार के गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह द्वारा किया गया । इसको लेकर बड़लियास कस्बे की बालिका विद्यालय में लाइव प्रसारण किया गया, कार्यक्रम में नए आपराधिक कानूनों की जानकारी, न्याय व्यवस्था में किए गए सुधारों एवं नागरिकों के अधिकारों की जानकारी दी । कार्यक्रम में बड़लियास थाना प्रभारी देवराज सिंह सहित क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता तथा आमजन शामिल हुए। थानाधिकारी देवराज सिंह ने कहा कि कार्यक्रम जन-जागरूकता बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है, जिससे आमजन को जारी हुए नए कानूनों की समझ व विकसित होगी ।।

# सांवलिया सेठ का नवां पाटोत्सव संपन्न, पदयात्रा सेवक सम्मानित

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।



नौगांवा स्थित श्री सांवलिया सेठ मंदिर में सोमवार को आस्था और भक्ति के माहौल में नवां पाटोत्सव संपन्न हुआ। इस अवसर पर वर्ष 2016 की ऐतिहासिक ज्योति पदयात्रा में सेवा देने वाले सैकड़ों भक्तों को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत हवन-यज्ञ से हुई, जिसके बाद महंत मदन मोहन दास, डी.पी. अग्रवाल, ओम बुलिया सहित कई भक्तों को माल्यार्पण व प्रसाद देकर सम्मानित किया गया। पाटोत्सव में भगवान सांवलिया सेठ को छप्पन भोग का प्रसाद अर्पित किया गया और भव्य राजभोग आरती के साथ आयोजन संपन्न हुआ।

मंदिर ट्रस्ट अध्यक्ष गोविंद प्रसाद सोडाणी ने बताया कि भक्तों की उत्साही भागीदारी से आयोजन की गरिमा और भक्ति भाव दोनों बढ़े हैं।

# सेशन न्यायाधीश ने चारभुजा नाथ मंदिर में किए दर्शन

भीलवाड़ा फोकस @ कोटड़ी ग्रामीण ।

दिनेश पारीक । सेशन न्यायाधीश अभय जैन, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव विशाल भार्गव और न्यायिक मजिस्ट्रेट वर्षा आमेरा ने रविवार को श्री चारभुजा नाथ मंदिर में दर्शन किए।



इस अवसर पर उनके साथ वकील श्याम सुंदर चेचाणी, मदन लाल व्यास, शिव प्रकाश भट्ट, वासुदेव पंचोली, सत्यनारायण तेली, वैभव शर्मा सहित न्यायालय स्टाफ भी मौजूद रहे। मंदिर ट्रस्ट की ओर से अध्यक्ष सुदर्शन गाड़ोदिया, सचिव श्याम सुंदर चेचाणी और पुरुषोत्तम छापरवाल ने न्यायाधीशों का स्वागत दुपट्टा ओढ़ाकर और भगवान की तस्वीर भेंट कर सम्मानपूर्वक किया।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कप्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।